टेक महिन्द्रा और तेलंगाना ने भारत का पहला ब्लॉकचेन जिला शुरू करने के लिए गठबंधन किया

भारतीय ब्लॉकचेन ईकोसिस्टम की तेज़ वृद्धि के लिए सहमति ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

हैदराबाद, 3 अगस्त, 2018: तेलंगाना के राज्य सूचना प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार विभाग (आईटीई एंड सी) ने **तेलंगाना राज्य में भारत का पहला ब्लॉकचेन जिला** शुरू करने के लिए वैश्विक डिजिटल परिवर्तन सेवा प्रदाता कंपनी टेक महिन्द्रा के साथ सहमति ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है।

यह ब्लॉकचेन जिला, अनूठी ढांचागत सुविधाओं के साथ टेक्नोलॉजी एवं प्रोसेस डेवलपमेंट के लिए एक इनक्यूबेटर हेतु एक **उत्कृष्ट केंद्र** होगा जिससे भारतीय ब्लॉकचेन स्टार्ट–अप और कंपनियों की वृद्धि में तेजी लाने में मदद मिलेगी।

इस ब्लॉकचेन जिले के संस्थापक सदस्य के तौर पर टेक महिन्द्रा इस ब्लॉकचेन जिले में सभी इनक्यूबेटर को प्लेटफॉर्म और टेक्नोलॉजी सहायता उपलब्ध कराएगी। टेक महिन्द्रा अपनी वैश्विक ग्राहक व्यवस्था में बाजार समस्याओं को हल करने के लिए एक्सिलेटर्स को भी सशक्त करेगी। इसके अलावा, तेलंगाना का आईटीईएंडसी विभाग नियामकीय एवं नीतिगत सहयोग उपलब्ध कराएगा जिससे भारत और वैश्विक स्तर पर ब्लॉकचेन की वृद्धि को प्रोत्साहन मिलने में सुविधा हो।

तेलंगाना के आईटी मंत्री के.टी. रामाराव ने कहा, "तेलंगाना सरकार भारत में अपनी तरह के प्रथम ब्लॉकचेन जिला शुरू करने में आगे रहने को लेकर गौरवान्वित महसूस कर रही है। टेक महिन्द्रा से सहयोग मिलने के साथ हमारा लक्ष्य अत्याधुनिक ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी समाधान उपलब्ध कराने में एक वैश्विक मानक स्थापित करना और सभी उद्योगों के लिए मंच उपलब्ध कराना है। यह केवल तेलंगाना के लिए ही नहीं, बल्कि भारत के लिए भी इस डिजिटल युग में विश्व में अग्रणी रहने के लिए गर्व का क्षण है।"

टेक महिन्द्रा के सीईओ एवं प्रबंध निदेशक सी.पी. गुरनानी ने कहा, "ब्लॉकचेन जिला शुरू होना एक ऐतिहासिक क्षण है। यह एक वैश्विक प्रतिभा केंद्र है जो आंकड़ों को लोकतांत्रिक बनाने और व्यापक स्तर की वैश्विक समस्याओं को हल करने में ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी का दोहन कर सकता है। यह भविष्य के कार्यबल को नए सिरे से कुशल बनाने और सही मायने में कुशल बनाने में एक बड़ा कदम है। ब्लॉकचेन विशेषज्ञ हमारे मुख्य स्तंभ होंगे जिनके साथ मिलकर हम भारत को विश्व की ब्लॉकचेन राजधानी बनाने की दिशा में काम करेंगे।"

यह ब्लॉकचेन जिला, भारत में ब्लॉकचेन व्यवस्था के लिए अवसर उपलब्ध कराने और भारत को विश्व की ब्लॉकचेन राजधानी में तब्दील करने के उद्देश्य से तेलंगाना राज्य में गठबंधन कर काम करेगा।

तेलंगाना राज्य सूचना प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार विभाग (आईटीईएंडसी) के बारे में

यह तेलंगाना राज्य सूचना प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार विभाग (आईटीईएंडसी) का मुख्य उद्देश्य सूचना प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल को बढ़ावा देना और इस राज्य में सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रोत्साहक व सुविधा प्रदाता के तौर पर काम करना और सरकारी सेवाओं को आईटी संचालित बनाना है। तेलंगाना राज्य सूचना प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार विभाग ने आईसीटी नीति लागू की है और तेलंगाना का विज़न उभरती प्रौद्योगिकियों में अग्रणी रहना है। यह विज़न हासिल करने के लिए आईटीईएंडसी विभाग ने सरकारी विभागों एवं संगठनों को विशेष प्रौद्योगिकी समाधानों की पहचान करने में मदद के उद्देश्य से उभरती प्रौद्योगिकियों पर एक रोडमैप विकसित किया है। ये समाधान विशेष चुनौतियों से निपटने और सेवा की डिलीवरी मजबूत करने या उपभोक्ता का अनुभव बढ़ाने या परिचालन कार्यकुशलता में सुधार लाने वाले होंगे। उभरती प्रौद्योगिकियों के तौर पर आठ प्रौद्योगिकियों की पहचान की गई है जिनमें ब्लॉकचेन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्लाउड, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, वर्चुअल रीयल्टी एंड ऑगुमेंटेड रीयल्टी, रोबोटिक्स, 3डी प्रिंटिंग और बिग डेटा शामिल हैं। साथ ही कई ऐसे मामले में हैं जहां प्रौद्योगिकी अपनाई जा सकती है।

टेक महिन्द्रा के बारे में:

टेक महिन्द्रा जुड़ी हुई दुनिया का प्रतिनिधित्व करते हुए अनूठी एवं ग्राहक केंद्रित सूचना प्रौद्योगिकी सेवाओं और समाधानों की पेशकश करती है जिससे एंटरप्राइस, एसोसिएट्स और समाज समृद्धि की दिशा में बढ़ने™ में समर्थ होते हैं। हम 4.9 अरब डॉलर की कंपनी हैं जिसमें 90 देशों में 1,13,550 से अधिक पेशेवर फॉर्च्यून 500 कंपनियों सहित 926 से अधिक वैश्विक ग्राहकों की मदद कर रहे हैं। हमारे नवप्रवर्तन के प्लेटफॉर्म और पुनः उपयोग आने योग्य परिसंपत्तियां हमारे भागीदारों को मूर्त कारोबारी मूल्य प्रदान करने के लिए विभिन्न प्रौद्योगिकियों को जोड़ते हैं। टेक महिन्द्रा फोर्ब्स 2016 की सूची के मुताबिक एशिया में फैब 50 कंपनियों में भी शामिल है।
हम 21 अरब डॉलर के महिन्द्रा समूह का हिस्सा है जहां 100 से अधिक देशों में 2,00,000 से अधिक लोग कार्यरत हैं। यह समूह आर्थिक वृद्धि को बढ़ाने वाले प्रमुख उद्योगों में परिचालन करता है ट्रैक्टर, युटिलिटी वाहन, आफ्टर मार्केट सूचना प्रौद्योगिकी और वैकेशन ओनरशिप में इसकी अग्रणी स्थिति है।

अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें

PR Team – Kommune Brand Communications
Neha Koli/Pradnya Joshi
+919717621084/9764999349
neha@kommune.in/pradnya@kommune.in